

# टन्निष्ठा चटर्जी की फुल प्लेट होगी ओपनिंग नाइट फिल्म

**इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ सिडनी में टन्निष्ठा चटर्जी की फुल प्लेट ओपनिंग नाइट फिल्म होगी.**

सिडनी इस अक्टूबर एक खास मौके का गवाह बनेगा, जब इंडियन फिल्म फेस्टिवल वापसी कर रहा है. 09 से 11 अक्टूबर 2025 तक चलने वाला यह तीन दिवसीय कार्यक्रम बेहतरीन भारतीय सिनेमा और कहानियों से सिडनी के दर्शकों को जोड़ने वाला है. इस फेस्टिवल का आयोजन मीतू भौमिक लांगे एएम कर रही हैं, जो इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न की संस्थापक भी हैं. इस बार का सिडनी संस्करण अभिनेत्री–फिल्ममेकर टन्निष्ठा चटर्जी की फिल्म फुल प्लेट से शुरू होगा, जिसे अशुतोष गोस्वामी और अनुप चिटनिस ने प्रोड्यूस किया है.

फुल प्लेट में कीर्ति कुल्हाड़ी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि शारीब हाशमी, मोनिका डोगरा और इंद्रनील सेनगुप्ता अहम किरदार निभा रहे हैं. इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर हाल ही में बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 के लिए तय किया गया था. यह कहानी मुंबई की एक मुस्लिम गृहिणी की है, जिसके पति के एक्सीडेंट के बाद उसे घर चलाने के लिए काम करना पड़ता है. इस बदलाव से उसका पति असुरक्षित महसूस करता है और इसी सफर में उसकी अपनी सोच और ज़िंदगी भी बदल जाती है.